देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर
राष्ट्रीय सेवा योजना
email Id :- conssdavv@gmail.com

क्रमांक / रासेयो / कार्या. / 2023–24 / 182

दिनांक :– 20 / 07 / 2023

प्रति,

प्राचार्य / निदेशक / विभागाध्यक्ष
रा.से.यो. युक्त संस्थाऐं
देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

विषय :– 'अंगदान महोत्सव' के तहत 3 अगस्त, 2023 को भारतीय अंगदान दिवस के आयोजन संबंधी।
संदर्भ :– राज्य एन.एस.एस. अधिकारी का पत्र कमांक / 620 / 218 / रासेयो / 23 / 38 भोपाल दिनांक 20 / 07 / 23।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र संलग्न कर लेख है कि **"आजादी का अमृत"** के अंतर्गत 'अंगदान महोत्सव' के तहत दिनांक 03 अगस्त, 2023 को भारतीय अंगदान दिवस का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। राष्ट्रीय अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन / National Organ & Tissue Transplant Organisation (NOTTO), अंगदान के बारे में जागरूकता बढ़ाने एवं अंगदान से जुड़ी गलत धारणाओं को दूर कर, मृत्यू उपरांत अंगदान हेतु प्रोत्साहित करने के लिए प्रति वर्ष भारतीय अंगदान दिवस / Indian Organ Donation Day मनाता है। आप आपकी संस्था / गोद गांव में अंगदान दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम एवं अंगदान प्रतिज्ञा कार्यक्रम आयोजित करने का कष्ट करें।

ORGAN DONATION PLEDGE

I, --------- pledge to donate such of my organs and tissues as could be used after my death to give new lease of life to those in need.

Keeping in view the shortage of ogans and tissues for transplantation in our country, I also pledge that I will make all efforts to inspire my family, friends and fellow citizens to donate organs and tissues after death.

अंगदान प्रतिज्ञा

मैं............. प्रतिज्ञा करता / करती हूँ की मैं अपने ऐसे अंगों और उत्तकों को, जिनका उपयोग मेरी मृत्यू के पंश्चात किसी को नया जीवन देने के लिये किया जा सकता है, दान करूंगा / करूंगी।

हमारे देश में प्रत्यारोपण के लिए अंगों और उत्तकों की कमी को देखते हुए, मैं यह भी प्रतिज्ञा करता / करती हूँ की मैं अपने परिवार, मित्रों और देशवासियों को भी अपने अंग एवं उत्तक दान करने के लिए प्रेरित करने के सभी प्रयास करूंगा / करूंगी।

कृपया उक्त कार्यकम को आयोजित करने का कष्ट करें एवं कार्यक्रम उपरांत जानकारी विश्वविद्यालय के रासेयो प्रकोष्ठ में ई–मेल conssdavv@gmail.com & NSS_WhatsApp Group के माध्यम से भेजने का कष्ट करें। एवं कार्यक्रम के अयोजन की फोटो और सूक्ष्म वीडियो, पेपर कटिंग सहित सोशल मीडिया हैंडल से पोस्ट करें एवं उक्त कार्यक्रम विश्वविद्यालय एवं उच्च अधिकारीयों को हैज टैग का उपयोग करे।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार ।

भवदीय

(ड़ॉ. प्रकाश गढ़वाल)
कार्यक्रम समन्वयक, रासेयो,
देवी अहिल्या वि. वि. इन्दौर

प्रतिलिपि :–

1. राज्य एन.एस.एस. अधिकारी, मप्र. शासन, उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
2. उपकार्यक्रम सलाहकार क्षेत्रीय निदेशक, भारत सरकार, युवा कार्य एवम् खेल मंत्रालय, रासेयो भोपाल की ओर सूचनार्थ।
3. समस्त जिले के जिला संगठक रासेयो, कृपया अपने–अपने स्तर से रासेयो कार्यकम अधिकारी से सम्पर्क कर प्रत्येक रासेयो महाविद्यालय / विद्यालय में उक्त कार्यक्रम आयोजित करवाने का कष्ट करें।
4. समस्त रासेयो कार्यकम अधिकारीयों की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. निज सचिव मा. कुलपति देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर की ओर सूचनार्थ।
6. निज सहायक कुलसचिव देवी अहिल्या विश्वविद्यायल, इन्दौर की ओर सूचनार्थ।

कार्यक्रम समन्वयक, रासेयो,